तापमान
अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 14 .9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026



12 आईएमटी के लिए 300 एकड़ जमीन की हुई ..





12 उपभोक्ताओं को 8766 गैस सिलेंडर वितरित




## खबर संक्षेप

### नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण चोरी



**यमुनानगर।** शहर की कृष्णा नगर चांदपुर में चोरों ने घर में घुसकर 10 हजार रुपये की नकदी और करीब ढ़ाई लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कृष्णा नगर निवासी मुकेश रावत ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 29 मार्च को रात साढ़े 11 बजे वह रात का खाना खाकर परिवार के सदस्यों के साथ सो गए थे। सुबह छह बजे जब वह उठे तो उन्हें घर में समान बिखरा मिला। घर से अलमारी में रखें 10 हजार रुपये की नकदी तथा लॉकर से दो सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी, एक घड़ी व अन्य सामान गायब मिला।

### घर में घुसकर महिला के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी पीड़िता को इस बारे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विदेश भेजने के नाम पर युवकों से हड़पे 22 लाख

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से 22 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। राजन गली जगाधरी निवासी सुधीर जैन ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके रिश्तेदार गांव होली निवासी अंकित देशवाल वह करनाल के गांव छपरा निवासी रोहतास विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उसे पता चला था कि सतनाम सिंह व दलजीत सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। आरोपियों ने उन्हें विदेश भेजने के नाम पर 22 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। अक्टूबर 2025 को अंकित व रोहतास ने आरोपियों को पैसे दे दिए। आरोपियों ने उन्हें जल्द ही विदेश भेजने का आश्वासन दिया। लेकिन न तो उन्हें विदेश भेजा और न ही पैसे लौटाए।

### क्रोशिया भेजने के नाम पर ठगे साढ़े पांच लाख

**यमुनानगर।** प्रताप नगर निवासी अवतार अली ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वर्क वीजा पर विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात गगन के साथ हुई। गगन ने उसे समता योग आश्रम जगाधरी के पास मिलने के लिए बुलाया। आरोपी ने उसे बताया कि वह उसे वर्क वीजा पर क्रोशिया भेज देगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। उसने आरोपी को साढे पांच लाख रुपये दे दिए मगर इसके बाद आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 37 लाख ठगे

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के आदेश पर थाना समालखा पुलिस ने गांव देहरा निवासी मंजीत की शिकायत पर उसके गांव की ही दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ 37.27 लाख रुपये ठगने के आरोप में केस दर्ज किया है। मंजीत का आरोप है कि आरोपियों विक्रम उर्फ विक्की, बलिंद्र, इसकी पत्नी निर्मला, विकास और इसकी पत्नी रेनु ने उसे कनाडा भेजने का झांसा देकर यह नकदी ठगी है। आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा और न ही नगदी वापस की। रुपये मांगने पर आरोपियों ने उसे हत्या करने की धमकी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों को जल्द काबू कर लिया जाएगा।

### बराड़ा : कार सवार चार नशा तस्करों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया

# नशा तस्करों पर शिकंजा, रिहायशी भवनों पर अब चलेगा पीला पंजा

- आरोपियों के पास से एक कार और एक बाइक भी बरामद की गई
- तीनों आरोपियों की पहचान सलमान उर्फ माड़ू, नसीम उर्फ घुग्गी और एक महिला के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक महिला सहित कुल चार नशा तस्करों को भारी मात्रा में हेरोइन (चिट्टा) के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त एक गाड़ी और एक बाइक भी बरामद की है। डीएसपी सुरेश कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जांच टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी दोसड़का की तरफ से गाड़ी में नशे की खेप लेकर बराड़ा की ओर आ रहे हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंडित ढाबा के पास नाकाबंदी की और घर पहुंचने से पहले ही आरोपियों को धर दबोचा। गाड़ी सवार तीनों आरोपियों की पहचान सलमान उर्फ माड़ू, नसीम उर्फ घुग्गी और एक महिला के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से 34 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि इन्होंने यह नशा गांव थंबड के राजदीप से खरीदा था। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर राजदीप को भी बाइक व नौ हजार रुपए ड्रग मनी सहित काबू कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना बराड़ा में मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि नशे के व्यापार से अर्जित की गई आरोपियों की संपत्ति को सीज किया जाएगा और उनके द्वारा बनाए गए अवैध मकानों को ढहाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पकड़े गए आरोपियों में से नसीम उर्फ घुग्गी पहले भी नशा तस्करी के मामले में वांछित था, जबकि सलमान के खिलाफ मारपीट के मामले दर्ज हैं। न्यायालय में पेशी के बाद सलमान व आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है जबकि मुख्य आरोपी नसीम उर्फ घुग्गी व राजदीप का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके।




**बराड़ा।** नशा तस्करी में पकड़े गए आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

### 13 ग्राम हेरोइन तस्करी में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सैल को एक और सफलता मिली है। थाना महेश नगर में दर्ज 13 ग्राम हेरोइन तस्करी के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी संदीप उर्फ काचू को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई की शुरुआत 5 मार्च 2026 को हुई थी जब एएनसी टीम ने श्मशान घाट बब्याल के पास से दयाल बाग के आरोपी राहुल को 13 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों पकड़ा था। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने इस नेटवर्क से जुड़े अन्य चेहरों को बेनकाब किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी अमन उर्फ पौधा ने रिमांड के दौरान पूछताछ में खुलासा किया था कि इस तस्करी नेटवर्क में संदीप उर्फ काचू की भी अहम भूमिका है। इसी सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जांच टीम ने आरोपी संदीप को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस मामले में अंबाला पुलिस अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं जिनमें राहुल, आशीष उर्फ अंडा, अमन उर्फ पौधा व संदीप उर्फ काचू शामिल है।



# बाइक चोर गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिल बरामद

- आरोपी कलानौर बॉर्डर से चोरी की बाइक को उत्तर प्रदेश जा रहा था बेचने

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की दो वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर कलानौर होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाने वाला है। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल कुमार, संदीप, जितेंद्र व नरेश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा संभावित स्थान पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान कुछ समय बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की तो मोटरसाइकिल के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। गहन पूछताछ करने पर उक्त मोटरसाइकिल चोरी की निकली। आरोपी ने स्वीकार किया कि यह बाइक उसने 14 मार्च को बैंक कॉलोनी से चोरी की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान त्यागी गार्डन निवासी सूरज कुमार उर्फ आलू के रूप में हुई। आरोपी से पूछताछ करने पर उसके कब्जे से चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने दूसरी बाइक 22 मार्च को रायपुर कॉलोनी से चोरी की थी। इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में भी चोरी के आठ मुकदमे दर्ज हैं। जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं।




**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी बाइक चोर। फोटो : हरिभूमि

# कश्यप समाज को 21 लाख की ग्रांट

## विधायक ने सौंपा चेक, समाज ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कश्यप समाज के लोगों मे दोहरी खुशी का माहौल है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा घोषित 21 लाख रुपये की ग्रांट राशि का चेक कश्यप राजपूत सभा कुरुक्षेत्र को प्राप्त हुआ, तो वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार ने भी कश्यप समाज की कद्दावर महिला नेता साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। 23 मई 2025 को लाडवा में महर्षि कश्यप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने 'कश्यप राजपूत सभा धर्मशाला कुरुक्षेत्र' के लिए इस ग्रांट की घोषणा की थी। आज विधायक रामकुमार कश्यप ने अपने कर-कमलों से ग्रांट राशि का चेक सभा के प्रधान राजबीर कश्यप को सौंपा। ग्रांट राशि प्राप्त होने पर सभा के प्रधान राजबीर कश्यप और उपस्थित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का दिल से धन्यवाद किया। प्रदेश सभा के अध्यक्ष राजबीर कश्यप एडवोकेट ने विधायक रामकुमार कश्यप का भी विशेष आभार प्रकट किया।



### मारपीट केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी वेदपाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को न्यायालय द्वारा पहले ही भगौड़ा घोषित किया जा चुका था, जिसके बाद पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव पाथरी निवासी वेदपाल को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्ज था। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए।

# लिफ्ट देने के बहाने महिला से लूट करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दवा लेकर घर लौट रही एक महिला को लिफ्ट देने के बहाने लूट का शिकार बनाया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। 25 मार्च 2026 को गांव नगला राजपूतान के कुलदीप सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी माता गांव डेहर अमली से दवाई लेकर पैदल घर लौट रही थीं। रास्ते में बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें घर छोड़ने का झांसा देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद आरोपी उन्हें गांव बेर खेड़ी के पास एक सुनसान जगह पर ले गए। यहां उन्होंने महिला से सोने की बालियां और नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। सूचना के आधार पर टीम ने काला अंब रोड स्थित हरियाली ढाबा के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों की पहचान विशाल कुमार (वासी गांव कुराली) और कमल कुमार (वासी बरखेड़ी) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों रिमांड पर लिया है।




पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में।

### कुवि में 3 को होगा गोयल पुरस्कार समारोह स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सीनेट हॉल में 3 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.30 बजे 18वें गोयल पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित समारोह देशभर के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को उनके शोध, नवाचार और विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस गरिमामयी समारोह में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय के. सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि वर्ष 1992 से विश्वविद्यालय देश के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को यह सम्मान प्रदान करता आ रहा है। समारोह में वर्ष 2023-24 के लिए गोयल पुरस्कार और राजीव गोयल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। गोयल पुरस्कार के अंतर्गत एप्लाइड साइंसेज में डॉ. अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित, केमिकल साइंसेज में डॉ. थालप्पिल प्रदीप, लाइफ साइंसेज में डॉ. परमजीत खुराना तथा फिजिकल साइंसेज में डॉ. श्रीराम रामास्वामी को सम्मानित किया जाएगा।



### किशोरी से छह तोला सोना हड़पने वाला सर्राफ काबू, पहले पकड़े जा चुके हैं दो आरोपी

**मुलाना।** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को डरा धमकाकर छह तोले सोने के गहने हड़पने के मामले में पुलिस ने आरोपियों से सोने के गहने, नकदी और खरीदी गई बाइक बरामद की है। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि सर्राफ कमल कुमार से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि वंश उर्फ वीरू मास्टरमाइंड है। उसने निरंजन के साथ मिलकर दोनों किशोरों को इस वारदात के लिए उकसाया और गहने मंगवाए। बच्चों से सोना खरीदने वाले दर्शन ज्वेलर्स के संचालक कमल कुमार को गिरफ्तार कर उससे भी सोना बरामद कर लिया गया है। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। दूसरी तरफ सोमवार को आरोपी वंश उर्फ वीरूऔर निरंजन को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में दो बच्चों को पहले ही बाल सुधारगृह भेजा जा चुका है।



### अन्नपूर्णा स्वीट्स हाउस का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी व ड्राइफ्रूट के डिब्बों पर किया हाथ साफ

**कुरुक्षेत्र।** रेलवे रोड पर अन्नपूर्णा स्वीट्स हाउस का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी व ड्राइफ्रूट के डिब्बों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब स्वीट्स हाउस के संचालक डा. चंद्रशेखर हांडा मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान के शटर पर लगा ताला टूटा हुआ था। शटर उठाकर देखा तो अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। गल्ला भी नीचे पड़ा था और गल्ले में रखे सिक्के बिखरे पडे थे। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने मौके का मुआयना किया। दुकान संचालक डा. चंद्र शेखर ने बताया कि वे रात को साढ़े 9 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। सुबह जब साढे 8 बजे आए तो देखा कि दुकान के शटर पर लगा ताला टूटा हुआ था। ताला भी नही मिला। दुकान के अंदर से नगदी व ड्राई फूरट की चोरी हुई है। करीब 10 हजार का नुकसान हुआ है। इसके अलावा एक मोबाइल भी चोरी हुआ है। डा. चंद्रशेखर हांडा ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।



**कुरुक्षेत्र।** दुकान पर पड़ा गल्ला। फोटो : हरिभूमि

### फिनिशिंग, सफाई, सीवरेज, बिजली और जल निकासी से जुड़े कार्यों पर ध्यान देने को कहा

*किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी*

# शहीदी स्मारक का खुद सीएम करेंगे अवलोकन महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रहे अंतराष्ट्रीय स्तर के शहीदी स्मारक का मंगलवार को सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.मकरंद पांडुरंग ने जायजा लिया। उन्होंने यहां चल रहे कार्य की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर शहीदी स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी व संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधियों ने स्मारक से जुड़े कार्यो बारे विस्तार से महानिदेशक को जानकारी दी। उन्होंने सभी शेष बचे कार्यो को पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। महानिदेशक के.मकरंद पांडुरंग ने शहीदी स्मारक के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्मारक में किए जा रहे कार्यों का बारीकी से अवलोकन भी किया। उन्होंने शहीदी स्मारक के मुख्य द्वारा के बाहर एनएचअआई विभाग से बेहतर समन्वय बनाते हुए यहां पर सफाई व्यवस्था तथा अन्य कार्यों को करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शहीदी स्मारक से सबंधित फिनिशिंग के कार्य को करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर बरसात के दिनों में पानी एकत्रित नहीं होना चाहिए इसके लिए लेवल चेक करने के साथ मैनहाल को सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि यहां पर बिजली से संबंधित, सीवरेज से संबधित तथा अन्य जो कार्य को एक टीम बनाकर थर्ड पार्टी से चेक करवाए जाएं। महानिदेशक ने स्पष्ट किया कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में महानिदेशक ने यहां पर फूड कोर्ट व शॉपिंग कांप्लेक्स के भवन का भी जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



शहीदी स्मारक में चल रहे कार्यों का अवलोकन करते महानिदेशक केएम पांडूरंग।

### परियोजना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत

निरीक्षण के दौरान जिन-जिन स्थानों पर आवश्यक कार्य करने हेतू निर्देश दिए गए है वह सभी छोटे-छोटे कार्य अगली बैठक से पहले ठीक होने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित एजेंसी द्वारा जो भी कार्य शेष बचे है वह उन्हें तीव्रता से करना सुनिश्चित करे। ऑडिटोरियम भवन का भी जायजा लेते हुए यहां पर सीटिंग की व्यस्था के साथ-साथ साउंड की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह परियोजना बेहद महत्वपूर्ण है। युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है इसके तहत सभी कार्य बेहतर समन्वय के साथ होने चाहिए। आर्ट वर्क को लेकर भी उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# महिला की मौत, पुलिस ने अंतिम संस्कार रुकवाया

***पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा***

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी की शालीमार बाग कॉलोनी में नेपाल मूल की विवाहिता की अचानक मौत हो गई है। रोशनी देवी (33) का ससुराल वाले बिना परिजनों के आए कैंट के रामबाग में अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। तभी मृतक महिला के भाई चंदन मिश्रा ने महेश नगर थाना पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने श्मशान घाट में जाकर अंतिम संस्कार रुकवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक रोशनी देवी पति कृष्ण चंद के साथ किराये के मकान में रहती थी। पति सीएचसी सेंटर चलाता है। महेश नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि रोशनी देवी की शादी वर्ष 2015-16 में कृष्णा नंद के साथ हुई थी। उनके दो बच्चे हैं जिनमें एक लड़का और एक लड़की है। पति कृष्ण चंद ने बताया कि वह पत्नी दोपहर में चाय पीने के बाद बैठे थे। तभी उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। निजी क्लीनिक में लेकर गए तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। उधर, मृतका के परिजनों ने किसी अनहोनी होने की आशंका जताई है। रोशनी की मौत के बाद ससुराल पक्ष जब शव का अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट पहुंचा तो भाई चंदन मिश्रा ने पुलिस को सूचित कर दिया। भाई का आरोप है कि उसकी बहन की मौत सामान्य नहीं है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी वर्कर्स ने किया रोष प्रदर्शन

**करनाल।** आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने जिला प्रधान रूपा राणा के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रूपा राणा ने कहा कि आईसीडीएस को संस्थागत बनाया जाए और आंगनवाड़ी कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। उन्होंने योजना कर्मियों के लिए वेतन आयोग गठित करने तथा न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये निर्धारित करने की मांग भी उठाई। जिला सचिव बिजनेश राणा ने कहा कि यूनियन लगातार कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है और सरकार को उनकी अनदेखी बंद कर जल्द समाधान करना चाहिए। प्रदर्शन में कांता, ममता, जगपाल राणा, कृष्ण शर्मा, सेवा राम, सुनीता और रीना सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### दुकानदार पर चाकू से हमला, मोबाइल छीना

**तरावड़ी।** गांव तखाना में दिनदहाड़े एक दुकान पर तीन हथियारबंद बदमाशों द्वारा लूट की कोशिश का मामला सामने आया है। बदमाश चेहरे कपड़ा लपेटकर आए और दुकानदार को चाकू की नोक पर लेकर कैश लूटने का प्रयास किया। हालांकि शोर मचने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिससे आरोपी वारदात को अंजाम दिए बिना ही भाग निकले। पीड़ित तखाना निवासी अजय कुमार पुत्र कपूर सिंह ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च को दोपहर करीब 1:15 से 1:30 बजे के बीच वह अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान प्लेटिना बाइक पर सवार तीन युवक दुकान पर पहुंचे। आते ही एक बदमाश ने उनकी गर्दन पर चाकू रख दिया और गल्ले से पैसे निकालने की कोशिश की।

दुकानदार अजय कुमार के शोर मचाने पर आसपास के दुकानदार और लोग मौके पर इक_I होने लगे। भीड़ को देख तीनों बदमाश घबरा गए और मौके से फरार हो गए। भागते समय वे अजय कुमार का वीवो वाई-29 मोबाइल फोन छीनकर ले गए।

## एसडीएम रमन गुप्ता ने इंद्री अनाज मंडी का दौरा किया

# आज से होगी गेहूं की खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के एसडीएम रमन गुप्ता ने अनाज मंडी इंद्री का दौरा कर एक अप्रैल से शुरू होने वाली गेहूं खरीद के प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम रमन गुप्ता ने मार्किट कमेटी कार्यालय में मंडी के आढ़तियों व किसानों की गेहूं खरीद में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर हल करवाने का आश्वासन दिया। मंडी प्रधान सुमेर चंद कांबोज ने एसडीएम को समस्याओं से अवगत करवाते हुए कहा कि गेहूं सीजन में सबसे बड़ी समस्या मंडी में गेहूं के उठान की होती है जिसका मुख्य कारण है की उठान करने वाला ठेकेदार कई मंडियों के टेंडर ले लेता है और समय पर उठान न होने के कारण मंडी गेहूं से अंट जाती है इसलिए उठान की समस्या का हल करवाया जाए, दूसरी ओर खरीद एजेंसियों द्वारा मंडी से खरीदे गए गेहूं का स्टॉक लगाने के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं है जिसकी व्यवस्था शीघ्र कार्रवाई जाए व बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए।

- गेहूं खरीद में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर हल करवाने का आश्वासन दिया



इंद्री। मार्किट कमेटी कार्यालय इंद्री में आढ़तियों व किसानों की समस्याएं सुनते एसडीएम रमन गुप्ता ।

दुसरी ओर भाकियू नेता रामपाल चहल ने किसानों की समस्याओं को रखते हुए कहा कि किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या पोर्टल की है उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी स्थिति हो जाती हैं कि पोर्टल जिस किसान के नाम पर है वह किसी कारण से मंडी में नहीं पहुंच पाता तो किसान को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि मंडी में ज्यादा फसल आने से जाम की स्थिति बन जाती है तो उसको हल करवाने का प्रबंध कराया जाए, बारिश आने पर मंडी में पड़ी किसान की फसल को ढकने का प्रबंध करवाया जाए, किसान विश्राम गृह में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना आदि मांगे रखी। जिस पर एसडीएम ने आढतियों व किसानों की समस्याओं को हल करवाने का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मार्किट कमेटी के चेयरमैन महेंद्र पंजोखरा, महेंद्र त्यागी, अमन बंसल, जयप्रकाश बंसल, बालकृष्ण लांबा व समयसिंह सहित काफी संख्या में आढ़ती मौजूद रहे।

### विस अध्यक्ष करेंगे अनाज मंडी का दौरा

**घरौंडा।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए सक्रिय हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष एक अप्रैल को सायं 3.00 बजे अनाज मंडी का दौरा करेंगे। सायं 4.00 बजे नगरपालिका में शहर से जुड़े विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके बाद सायं 5.50 बजे पाल चौपाल में कन्या पूजन में शामिल होंगे।

## कमेटी की बैठक में शहर की समस्याओं पर मंथन



करनाल। बैठक में शहर की समस्याओं पर चर्चा करते कमेटी सदस्य।

- सफाई, सड़कों और शिक्षा व्यवस्था सुधार को लेकर उठाए गए अहम मुद्दे

**करनाल।** सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक करनाल क्लब में चेयरमैन प्रो. एसएस बरगोटा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर की स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, शिक्षा, बिजली, कानून व्यवस्था और महिला कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

केएल विरमानी ने जीटी रोड पर शौचालयों की कमी और ई-शौचालयों की खराब स्थिति पर चिंता जताई। साथ ही फ्लाईओवर निर्माण के चलते सड़कों की बिगड़ती हालत और दुर्घटनाओं की आशंका पर भी ध्यान दिलाया।

डॉ. एसके गोयल ने निजी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि और एक ही दुकान से किताबें खरीदने के दबाव का मुद्दा उठाया। चेयरमैन प्रो. बरगोटा ने कहा कि सिंगल पिलर फ्लाईओवर महत्वपूर्ण परियोजना है, लेकिन इससे उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम किया जाएगा।

बैठक में ओपी सचदेवा, केके शर्मा, प्रमोद गुप्ता, महिंद्र कादियान, संदीप लाठर, एडवोकेट गुरमीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, आरके गौड़, ज्ञान अरोड़ा, कुंदनलाल, देवेंद्र सचदेवा, हरविंद्र कौर, सुरेश बहेती, सुजाता गुप्ता और रजनीश चोपड़ा सहित कई सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।

## श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट में किया पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन

- बलदेव राज बने प्रधान, गोपीनाथ को महाप्रबंधक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट की कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी प्रमुख पदों पर निर्विरोध चयन हुआ। चुनाव अधिकारी सोमनाथ कांबोज के अनुसार बलदेव राज को प्रधान, गोपीनाथ को महाप्रबंधक, कर्णवीर आर्य को महासचिव और महेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।

विशेष बात यह रही कि सभी पदाधिकारी लगातार तीसरी बार अपनी जिम्मेदारियां संभालेंगे। चुनाव के बाद ट्रस्ट सदस्यों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।

प्रधान बलदेव राज ने ट्रस्ट की गतिविधियों को और विस्तार देने की बात कही, वहीं महाप्रबंधक गोपीनाथ ने बताया कि अनाथालय और गौशाला का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। बच्चों को शिक्षा, मूलभूत सुविधाएं और समय-समय पर धार्मिक स्थलों का भ्रमण भी कराया जाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट द्वारा कई जरूरतमंद बेटियों के विवाह कराए जा चुके हैं और आगे भी यह सेवा जारी रहेगी।



करनाल। श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट में निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी।

### नहर में डूबे युवक का शव 4 दिन बाद बरामद

**करनाल।** करनाल जिले के गांव गगसीना के पास नहर में गिरे 19 वर्षीय युवक मोक्ष का शव चार दिन बाद मंगलवार को बरामद कर लिया गया। मोक्ष का शव गांव ऐंचला के पास नहर किनारे तैरता हुआ मिला, जिसके बाद गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। गांव बाम्बरेहड़ी का रहने वाला मोक्ष 28 मार्च की देर शाम गगसीना के पास नहर पर हवन सामग्री की राख डालने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने के कारण वह तेज बहाव में बह गया। साथ मौजूद परिजनों ने उसे बचाने की कोशिश की और शोर भी मचाया, लेकिन देखते ही देखते मोक्ष पानी में ओझल हो गया। पिछले चार दिनों से परिजन और बचाव टीमें लगातार तलाश में जुटी थीं। मोक्ष की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह एक कंबल फैक्ट्री में काम करता था और पूरे परिवार का आर्थिक सहारा था। मोक्ष के पिता रमेश अधरंग (पैरालिसिस) से पीड़ित हैं, जबकि

## महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान

# छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए दिए व्यावहारिक सुझाव



करनाल। व्याख्यान कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता व कॉलेज स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज में वूमेन सेल एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "महिला सशक्तिकरण में कौशल विकास की भूमिका" विषय पर एक प्रभावशाली व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सुजाता गुप्ता रहीं, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट करते हुए इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं।

कार्यक्रम में योगा विशेषज्ञ सविता चौधरी, फैशन डिजाइनर गुलशन रानी, ब्यूटी एक्सपर्ट पूजा गाबा और बेकिंग विशेषज्ञ सुमिता धवन ने भी अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी उपयोगी जानकारी साझा की। कॉलेज गवर्निंग बॉडी की उपाध्यक्ष प्रीत कौर ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करते हैं। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. अंजु चौधरी, डॉ. प्रीति खरब, डॉ. सोनिया वधावन, डॉ. अमरजीत कौर, डॉ. भावना शर्मा, प्रो. अनमोल सिंह और प्रो. प्रियंका सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## भगत सिंह चौक पर हुआ सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन

- कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भगत सिंह चौक एसोसिएशन की ओर से प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को आयोजित किए जाने वाले नियमित सुंदरकांड पाठ की श्रृंखला में इस बार श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशेष सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

एसोसिएशन के सदस्य सचिव जोगिंदर आहूजा ने बताया कि उनकी ऐसोसिएशन हर माह के अंतिम मंगलवार को नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन करती आ रही है और इस बार का यह आयोजन 11वां सुंदरकांड पाठ था, जो श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर से पधारे पंडित शेखर नन्द ने अपनी टीम के साथ विधिवत रूप से सुंदरकांड पाठ का वाचन किया।



तरावड़ी। भगतसिंह चौक पर श्री सुन्दरकांड पाठ में उपस्थित श्रद्धालु ।

## गो तस्करी के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस की सीआईए-1 टीम ने की सख्ती, नेटवर्क का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस करनाल की सीआईए-1 टीम ने गौ तस्करी के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार की टीम द्वारा की गई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान चांद पुत्र धन सिंह निवासी गांव बबैन, जिला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी इस गिरोह का चौथा सक्रिय सदस्य है, जो लंबे समय से गौ तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि थाना इंद्री क्षेत्र में नहर की पटरी पर अज्ञात तस्करों द्वारा गोवंश को काटकर उनके सिर नहर में फेंके जाने की गंभीर घटनाएं सामने आई थीं। इस संबंध में थाना पुलिस टीम इससे पहले इस मामले में तीन आरोपी आजम, नवाब और शहजाद को गिरफ्तार कर चुकी है। उन्हें अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान गहन पूछताछ में चौथे आरोपी चांद का नाम सामने आया। सीआईए-1 टीम ने गुप्त सूचना पर आरोपी को उसके गांव बबैन से काबू किया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी आसपास के क्षेत्रों से गोवंश एकत्रित कर अपने साथियों तक पहुंचाने का काम करता था।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**असंध/करनाल।** असंध-जींद मार्ग पर बाहरी-मूंड के बीच नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वह सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार 18 वर्षीय युवक राहुल की मौत हो गई। मृतक राहुल गांव पॉपड़ा का रहने वाला था और असंध में प्रदीप नामक व्यक्ति के कार गैराज पर मैकेनिक का काम करता था। सोमवार को गैराज पर एक कार ठीक होने के लिए आई थी, जिसे लेकर राहुल रात करीब 10:30 बजे अपने घर की ओर जा रहा था। जब वह बाहरी-मूंड़ के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। गैराज मालिक के अनुसार, राहुल बिना बताए पीछे से कार लेकर गया था।

## 'राम-राम हरियाणा' कार्यक्रम में उठी ग्रामीण मुद्दों की आवाज

- जल संरक्षण पर सरपंचों ने साझा किए गांवों के विकास अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। वर्तमान समय में जल प्रदूषण और जल की बर्बादी गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही रोका जा सकता है। यह विचार हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने 'राम-राम हरियाणा' कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि जल की एक-एक बूंद का संरक्षण बेहद जरूरी है और इसके लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की आवाज को मंच प्रदान करना और गांवों से जुड़ी समस्याओं, सुझावों व सकारात्मक प्रयासों को साझा करना रहा। कार्यक्रम में शामगढ़ की सरपंच गुल ढिल्लों ने गांव में पेयजल सुधार के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी, जबकि सुल्तानपुर के सरपंच जसमेर सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने अपने-अपने गांवों की उपलब्धियां और चुनौतियां साझा कीं।

वर्षा जल संचयन, स्वच्छता और जल संरक्षण की आदतों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्रम में सुल्तानपुर ग्राम पंचायत के सरपंच जसमेर सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान से वरिष्ठ सलाहकार गुरबिंदर सिंह, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रामलला के दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा करनाल रेलवे स्टेशन

- मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या से करनाल पहुंचे यात्री, घर तक पहुंचाने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर श्रद्धालु मंगलवार शाम सकुशल करनाल रेलवे स्टेशन पहुंचे। यात्रियों के आगमन पर प्रशासन की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया गया। हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर सभी तीर्थयात्रियों को फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और सफल यात्रा की बधाई दी। अयोध्या से लौटे श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति और संतोष स्पष्ट झलक रहा था। यात्रियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि रामलला के दर्शन अत्यंत दिव्य और अविस्मरणीय रहे। उन्होंने हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि यात्रा के दौरान रहने, खाने-पीने और सुरक्षा के उत्कृष्ट प्रबंध किए गए, जिससे पूरी यात्रा सुखद और सुविधाजनक रही। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंची, श्रद्धालुओं ने नायब जी को जय श्रीराम और मोदी जी को जय श्रीराम के जयकारे लगाए, जिससे पूरा रेलवे स्टेशन भक्तिमय माहौल में डूब गया। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रोडवेज विभाग द्वारा विशेष बसों की व्यवस्था की गई थी, जिनके माध्यम से श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाया गया।



करनाल। रामलला के दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## तरावड़ी में श्रद्धा व उत्साह के साथ कल मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

- भजन गायक भविष्य सीकरी दिल्ली वाले प्रस्तुति देंगे

गुरुवार 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तरावड़ी शहर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिलेगा। इस पावन पर्व को लेकर शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं तैयारियों में जुटी हुई हैं। मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर शोभायात्राएं, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और भंडारों का आयोजन किया जाएगा।

शहर की प्रमुख संस्था अग्रवाल सभा द्वारा हनुमान मंदिर बाजार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर माता की चौकी, रामायण पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। संस्था के सदस्य चिमन सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को रामायण पाठ व 2 अप्रैल को मां भगवती की चौकी का आयोजन किया जाएगा, जिसमे भजन गायक भविष्य सीकरी दिल्ली वाले अपनी प्रस्तुति देंगे। जिसके उपरांत विशाल भंडारा भी लगाया जाएगा। इसी क्रम में महावीर मंदिर डेरी वाला में भी सुंदरकांड पाठ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। आशीष सागर सेनी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विशाल सत्संग और सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी। हनुमान सेवा समिति द्वारा मां अन्नपूर्णा आश्रम, तरावड़ी में भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुंदरकांड पाठ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। विशेष रूप से चित्रकूट-अयोध्या से पधार रहे प्रख्यात रामायणी श्री प्रहलाद मिश्रा द्वारा श्रीराम कथा का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा, जिसे सुनने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। शहर के अन्य मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ एवं भंडारों का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं: सिंह

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं। साइबर ठग, जनता को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास डिजिटल अरेस्ट संबंधी कॉल आती है तो डरे नहीं, इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को या साइबर थाना में दे। डिजिटल अरेस्ट कानून में कोई शब्द नहीं है। आरोपियों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

### शिक्षा विभाग ने दाखिला अभियान चलाया

**पानीपत।** पानीपत जिला में शिक्षा को जन आंदोलन बनाने की दिशा में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव उग्रा खेड़ी में आयोजित वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बूरा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों की सराहना की। अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि आज के दौर में शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत कुंजी है और इसके लिए निरंतर मेहनत व अनुशासन आवश्यक है। वहीं, इस क्षेत्र में शिक्षा विभाग ने दाखिला अभियान चलाया।

### सफलता की कुंजी है मेहनतः सिंह

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों रितिका, कृतिका, भूमि, माही, आरती, वंशिका, जिया, निमृत, अंशिका, तनीषा, वंश, दक्षित, साक्षी, राखी, नवप्रीत कौर को पुरस्कृत किया। वहीं, प्राचार्य ओम सिंह व मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर रविंद्र सिंह, प्रदीप मलिक, उमेद सिंह, दीपिका धवन, राकेश, सुदेश, खुशीराम, जसबीर सिंह, रमा देवी, हिना आदि उपस्थित रही।

### बुकमार्क डिजाइनिंग का ज्ञान लिया

**पानीपत।** आईबी कॉजेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा बीए ऑनर्स तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को बुकमार्क डिजाइनिंग की जानकारी दी गई। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, साहित्य के प्रति रुचि तथा कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न साहित्यिक विषयों, प्रसिद्ध उद्धरणों तथा आकर्षक रंगों का उपयोग करते हुए सुंदर और अर्थपूर्ण बुकमार्क तैयार किए।

### बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की

**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा प्राचीन श्री देवी मंदिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। वहीं, मुख्य अतिथि मनीष राणा व इनकी धर्मपत्नी काजल राणा ने नारियल फोड कर बस रवाना की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पवन कंसल, हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, पत्रकार मोहन लाल, धर्मेंद्र ईंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, ललित मितल, राकेश मित्तल, अंकित कंसल आदि उपस्थित रहे।

### एसीएस ने मंडी का निरीक्षण किया

**पानीपत।** गेहूं व सरसों की खरीद के मद्देनजर हरियाणा के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (ऊर्जा विभाग) अपूर्व कुमार सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इसराना की नई अनाज मंडी का दौरा किया। वहीं, सिंह ने अधिकारियों के साथ मंडी में घूमकर बिजली, शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था व कैंटिन का निरीक्षण किया और खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला उपायुक्त वीरेंद्र दहिया, एसडीएम नवदीप सिंह नैन, मार्केट कमेटी अध्यक्ष राजेश जागलान, मार्केट कमेटी सेक्रेटरी पवन नागपाल, सोमवीर मलिक आदि उपस्थित रहे।

---

श्रीदेवी मंदिर से दो अप्रैल को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा
11 हजार महिलाएं कलश धारण कर मंगल गीत गाएंगी

# पानीपत में भव्य होगा हनुमान जन्मोत्सव

## यात्राओं का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा




**पानीपत।** श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारी प्रेस वार्ता करते हुए तथा श्री हनुमान जन्मोत्सव भाव यात्रा का न्योता देते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर दो अप्रैल को प्राचीन सिद्ध श्रीदेवी मंदिर के प्रांगण से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यह यात्रा श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव अवध धाम समिति के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही है। दोनों शोभायात्रा श्रीदेवी मंदिर से प्रारंभ होंगी। एक यात्रा का समापन अवध धाम मंदिर कुटानी रोड पर होगा जबकि दूसरी शोभायात्रा का समापन सनौली रोड स्थित काशी

- दोनों यात्राओं में ध्वज पर लोग अपनी मन्नत मांगने का कलावा बांधेंगे

गिरी मंदिर में किया जाएगा। यह दोनों यात्राएं शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए समापन स्थल पर पहुंचेंगी। यात्राओं का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। आज यहां जिमखाना क्लब स्थित सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दोनों समिति के पदाधिकारियों ने यह जानकारी पत्रकार वार्ता मे दी। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी, हनुमान जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारी विकास गोयल, सतबीर गोयल, अवध धाम समिति के पदाधिकारी वेद पाराशर, पार्षद सुरेंद्र गर्ग, दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा, डॉ.रमेश चुघ, अशोक बांगा, अशोक नारंग, युद्धवीर रेवड़ी शामिल रहे। वहीं, वेद ने कहा कि दोनों यात्राओं में ध्वज पर लोग अपनी मन्नत मांगने का कलावा बांधेंगे। जिस ध्वज को मेहंदीपुर बालाजी एवं बालाजी सालासर में समर्पित किया जाएगा। यात्रा में 11 हजार महिलाएं हिस्सा लेंगी। जिसमें 5100 महिलाएं मंगल कलश धारण करेंगी एवं अन्य महिलाएं मंगल गीत गाते हुए शोभा यात्रा में शामिल रहेंगी।

### भक्तों की हर मन्नत पूरी करते हैं प्रभु हनुमानः दुआ

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन के मुल्तान भवन में श्री हनुमान जन्मोत्सव भाव यात्रा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। वहीं, लखदातार सेवा समिति के संस्थापक आशु दुआ ने बताया कि मंगल कलश, मंगल उद्घघोष, शंख-घंटे घड़ियाल की ध्वनि के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव भाव यात्रा का दो अप्रैल की शाम चार बजे भव्य शुभारंभ होगा। यह यात्रा मुल्तान भवन से शुरू होकर मॉडल टाउन के विभिन्न मार्गों से होते हुए मुल्तान भवन में ही संपंन होगी। जहां मां सीता रसोई से प्रसाद वितरण होगा। प्रभु हनुमान भक्तों की हर मन्नत पूरी करते है। इस अवसर पर आयोजित समिति के मेहुल जैन एडवोकेट, महेंद्र हुडिया, सुनंद शर्मा, विपिन अरोड़ा, विशाल धवन, आशीष अग्रवाल, हरमिंदर सिंह, मनोज वधवा, गिरीश माटा, विनय गुप्ता, मोहिंद्र हुडिया, पंकज दुआ, अभिषेक मक्कड़, विनित खुराना, ललित कुमार, विपिन अरोड़ा, वैभव छाबड़ा आदि मौजूद रहे

---



**पानीपत।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का स्वागत करते हुए नवीन भाटिया। फोटो : हरिभूमि

# देश की जनता को गुमराह करने का मौका नहीं चुकी कांग्रेसः हुसैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का पानीपत आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने अपनी टीम के साथ हुसैन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इधर, हुसैन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव के मद्देनजर देशवासियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और देशहित में आवश्यक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि देश में इनकी पर्याप्त उपलब्धता है और जल्द ही ऐसी भ्रामक खबरों पर रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कांग्रेस पर भी

- देश में तेल व गैस की कमी नहीं, जनता घबराएं नहीं, पीएम मोदी की हालत पर कडी नजर

देशवासियों को गुमराह करने के आरोप लगाए। भाजपा नेता हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और नए-नए विकास कार्यों से आम जनता को सुविधाएं मिल रही हैं। आने वाले समय में देश एक नए भारत के रूप में उभरेगा। वहीं, हुसैन ने संजय भाटिया के राज्यसभा में सांसद निर्वाचित होने पर नवीन भाटिया को बधाई भी दी। इस अवसर पर भाजपा दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, चांद भाटिया, रोहताश देशवाल, विजय सहगल, ओम प्रकाश माटा, अशोक बांगा, रमेश खुराना, सतीश गंगवानी, हिमांशु वीरमणि, सुमित त्यागी, विक्की कत्याल, संदीप मलिक, संदीप मेहरा, अशोक छाबड़ा आदि भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# अच्छे संस्कार व विचार ही पूंजी : साध्वी




**पानीपत।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वियों के साथ बच्चें। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** जिस प्रकार बारिश नहीं होने से फसलें खराब हो जाती है, ऐसे ही जिस घर में शिक्षा और संस्कार न हो वहां की नस्ले खराब हो जाती है, यह बात बिलकुल सत्य हैं, बच्चों को उपहार न दिया जाए वो कुछ समय के लिए रोएगा अगर संस्कार ना दिए जाए तो जीवन भर रोएगा। बचपन में दिए गए संस्कार ही इंसान के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं हर चीज़ की नक़ल हो सकती है, जबकि चरित्र संस्कार की नक़ल नहीं हो सकतीं। उपरोक्त बातें दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वियों ने मंगलवार को हुडा सेक्टर 11 में स्थित संस्थान के आश्रम में आयोजित संस्कारशाला में बच्चों को खेलों और विचारों के माध्यम से जागरूक किया। साध्वियों ने कहा कि मनुष्य के पास सबसे बड़ी पूंजी अच्छे विचार व संस्कार है।

# अंग्रेजी का ज्ञान लेना समय की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पीसीसी एकेडमी में सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य विदेश जाने को लेकर था। निदेशक राजीव परुथी ने कहा विदेश जरूर जाओ कहीं ऐसा ना हो बिना भाषा एवं ज्ञान के वहां पर पछताओ। आज युवा पीढ़ी ने विदेश जाने की होड़ लगा रखी है। जिन लोगों को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान नहीं है उनको यह टेस्ट क्लियर करने में काफी वक्त लग जाता है एवं विदेश में अंग्रेजी भाषा का ही प्रयोग किया जाता है। राजीव परुथी ने कहा विदेश जरूर जाओ एवं आप टेस्ट की तैयारी भी करो परंतु उससे पहले अंग्रेजी भाषा में निपुण होना जरूरी है। बिना अंग्रेजी भाषा के आप विदेश में पैसा नहीं कमा सकते। राजीव परुथी ने युवाओं को अपील की कि वह अपनी अंग्रेजी भाषा को जरूर सुधारे एवं अपने अंदर आत्मविश्वास की भावना को बढ़ाएं और अपनी पर्सनालिटी पर भी ध्यान दें। राजीव ने कहा हमारे यहां पर और विदेश में बहुत अंतर है। इस मौके पर बच्चों के काफी सवालों के जवाब राजीव परुथी ने बड़े अच्छे ढंग से दिए। इस मौके पर शिल्पा परूथी, ऋतु, गौरांशी, महक व सुकृति आदि मौजूद रहे।

- बच्चों के काफी सवालों के जवाब राजीव परुथी ने बड़े अच्छे ढंग से दिए




**पानीपत।** पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी, मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---




**पानीपत।** एसडी कॉलेज में नशा मुक्त जागरूता रैली को रवाना करते हुए अतिथि।

# विकसित भारत की नींव का पत्थर साबित होगा नशा मुक्त समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रेड क्रॉस की ओर से एसडी कॉलेज में एक दिवसीय नशा मुक्त जागरूकता सेमिनार में एसडीएम मनदीप कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए नागरिकों को नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया। वहीं, एसडीएम नैन ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति, परिवार और समाज को भीतर से खोखला कर देती है।

इधर, मुख्य वक्ता उप सिविल सर्जन स्वास्थ्य विभाग डॉ. ललित वर्मा ने कहा कि नशे से मुक्ति के लिए पीड़ित का हर संभव सहयोग किया जा रहा है। मुख्य वक्ता पुलिस विभाग एएसआई जगपाल ने युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की अपील की। प्राचार्य एसडी कॉलेज डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि आज नशा मुक्त समाज विकसित भारत की नींव का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सचिव गौरव रामकरण, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चंद, यूथ रेडक्रास काउंसलर राकेश गर्ग, खुशबू, जोगेश, डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. सोनू, जसमेर सिंह, अमित कुमार, कला भारद्वाज, सोनिया शर्मा, प्रदीप, मोहित आदि उपस्थित रहे।

# महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत



**पानीपत।** महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में मेंधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राइमरी विंग महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वहीं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधान भारत भूषण ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा अन्य होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मनीष घणघस ने भी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### मेयर ने बच्चों को पुरस्कृत किया

**पानीपत।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला वार्ड दस रानी महल में मुख्य अतिथि महापौर कोमल सैनी, बलवान शर्मा वाइस चेयरमैन मार्किट कमेटी, सुभाष चंद्र भारद्वाज जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व विशिष्ट अतिथि अंश जैन, महीपाल सैनी, सरिता मलिक प्रिंसिपल, जयपाल शर्मा, रामकरण हेडमास्टर, नरेंद्र दहिया, बच्चन सिंह, कांता देवी, सतबीर शर्मा, बलराज शर्मा, बोधराज, मनोज कुमार, पूनम, भगत सिंह, प्रभा, अनुराधा, मंजू सैनी, पूनम सैनी, ज्योति, मीना, अर्चना, राधेश्याम, विक्रम सिंह आदि ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### हथवाला में दो पक्षों में मारपीट

**समालखा।** पानीपत के गांव हथवाला में पुरानी रंजिश के चलते राहुल और जानी को मारपीट कर घायल कर दिया गया। वहीं, परिजनों ने घायलों का सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, घायल राहुल ने थाना समालखा की हथवाला पुलिस चौकी को शिकायत दी है। जबकि दूसरे गुट के रिंकू ने फायरिंग का आरोप लगाया है। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

---



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में मंडला आर्ट का प्रदर्शन करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# तनाव को खत्म करने का माध्यम भी है मंडला आर्टः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मंडला आर्ट का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि मंडला आर्ट केवल एक कला नहीं, बल्कि मन को शांति और संतुलन प्रदान करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि मंडला आर्ट विद्यार्थियों की एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक तनाव को कम करने में सहायक होती है। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करती हैं और उन्हें सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करती हैं। विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने कहा कि मंडला आर्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। यह संपूर्ण गतिविधि कक्षा मेंटर निशा गुप्ता द्वारा आयोजित की गई।

### कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों से की जा रही साइबर ठगी

**यमुनानगर।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर ठग लोगों के साथ ठगी करने लगे हैं। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने साइबर धोखाधड़ी से आमजन को सावधान रहने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी स्वयं को बैंक कर्मचारी या कस्टमर केयर अधिकारी बताकर फोन कॉल, मैसेज या ई.मेल के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। साइबर ठग लोगों को यह झांसा देते हैं कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है अथवा कार्ड पर विशेष ऑफर उपलब्ध है। इसके बाद वे ओटीपी, कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, एक्सपायरी डेट या इंटरनेट बैंकिंग विवरण मांगते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति यह जानकारी सांझा करता है तो ठग तुरंत खाते से अवैध लेन देन कर रकम निकाल लेते हैं।

**न्यायालय- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री सागर अरोड़ा पुत्र स्व. श्री भीम अरोड़ा निवासी मकान नम्बर 712 एल, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सागर अरोड़ा पुत्र स्व. श्री भीम अरोडा निवासी मकान नम्बर 712 एल, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता लेट श्री भीम अरोडा पुत्र श्री सतीश कुमार की दिनांक 03/04/2013 को मृत्यु हो चुकी है व प्रार्थी की दादी श्रीमति कृष्णा देवी की मृत्यु प्रार्थी के पिता की मृत्यु से काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि प्रार्थी के पिता लेट श्री भीम अरोडा पुत्र श्री सतीश कुमार की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारस है 1 सीमा अरोडा विधवा 2. सागर पुत्र 3. आकाश पुत्र 4. अपूर्वा पुत्री लेट श्री भीम अरोडा पुत्र श्री सतीश कुमार के कुल 4 वारीस है। अन्य कोई वारीस नही है व वारसान की तसदीक द्वारा श्री लोकेश नांगरु निगम पार्षद, व पटवारी हल्का पानीपत दिनांक 06/08/2018 द्वारा भी अपनी रिपोंट में इन्ही वारसन की तसदोक की गई है:- 1- सीमा अरोडा विधवा 2. सागर पुत्र 3. आकाश पुत्र 4. अपूर्वा पुत्री लेट श्री भीम अरोडा पुत्र श्री सतीश कुमार के कुल 4 वारीस है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 30/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

---

**सम्मान** सत्यम पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

प्रधानाचार्य सत्यवान शर्मा ने मुख्यातिथि सहित अभिभावकों का आभार जताया

# अनुशासित मेहनत से मिलती है सफलता बच्चों को हर हाल में शिक्षित करें: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान बापौली मार्किट कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र रावल ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की और बच्चों को स्कूल की और से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य सत्यवान शर्मा ने मुख्यातिथि सहित अभिभावकों का आभार जताया और कहा कि जिन बच्चों ने पूरा वर्ष तक मेहनत की है आज उस मेहनत का फल उन्हें प्राप्त हुआ है। वहीं, सत्यम स्कूल की ओर से बच्चों को संस्कारवान शिक्षा व अनेक शैक्षिक व रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से ज्ञानवर्धक बातें सिखाई जाती है। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की की राह है। इसके मद्देनजर हर अभिभावक अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करें, चाहे इसके लिए अभिभावकों को एक समय का भोजन त्याग क्यों ना करना पडे।




**पानीपत।** सत्यम पब्लिक स्कूल में बापौली मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र रावल को सम्मानित करते मेजबान। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया

स्कूल निदेशक पूजा शर्मा ने कहा कि सत्यम पब्लिक स्कूल क्षेत्र का मात्र एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगिण विकास पर ध्यान दिया जाता है। बापौली मार्किट कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र रावल ने विद्यार्थियों से मेहनत के साथ शिक्षित होने का आह्वान करते हुए कहा कि अनुशासित मेहनत के बल पर ही इंसान सफल होता है। वहीं, भाजपा नेता रणजीत शर्मा, भीम सिंह रावल, सचिन रावल, दिनेश रावल, सोनू शर्मा, अरविंद, मोनू, रेखा भाटिया, स्वीटी रावल, प्रियंका लाकडा, क्षमा, काजल, अनिता, शालू, प्रिया, आरती आदि ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को बेटों की तरह पाले और उन्हें शिक्षित कर विकास के अवसर प्रदान करें।

## खबर संक्षेप

### 23 वर्षीय युवती रहस्मयी परिस्थितियों में लापता

**बराड़ा।** गांव अलावलपुर से एक 23 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गांव की बिमला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी रजी देवी (23) 27 मार्च की सुबह करीब 9 बजे घर से घूमने के लिए निकली थी लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों, दोस्तों व आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### लाखों की ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस द्वारा धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर थाना नरवाना पुलिस ने यूरोप भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक आत्माराम ने मंगलवार को बताया कि शिकायतकर्ता चौपड़ा पत्ती नरवाना निवासी रणधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि हसनगढ़ हिसार निवासी अजीत, अमित व मनजीत ने उसके पुत्र अमन को यूरोप में वर्क वीजा पर भेजने का झांसा देकर सात लाख 4,500 रुपये की राशि हड़प ली।

## पूर्व मंत्री असीम गोयल से मुलाकात कर सीएम नायब सैनी का जताया आभार

# आईएमटी के लिए 300 एकड़ जमीन की हुई रजिस्ट्री, किसानों में उत्साह

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने सभी किसानों का मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया



अंबाला। पूर्व मंत्री असीम गोयल के साथ मौजूद किसान। फोटो : हरिभूमि

**खास बातें**


- अभी तक 300 एकड़ से ज्यादा भूमि की रजिस्ट्री हो चुकी है
- अगले कुछ दिनों में आईएमटी के लिए तय जमीन की रजिस्ट्री का काम पूरा होने की बात कही जा रही है
- आईएमटी का निर्माण क्षेत्र के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा : पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में आईएमटी (इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप) के विकास को लेकर सरकार द्वारा ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से किसानों की जमीन उचित एवं लाभकारी दामों पर खरीदे जाने को लेकर किसा बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। अभी तक लगभग 300 एकड़ से ज्यादा भूमि की रजिस्ट्री हो चुकी है। अगले कुछ दिनों में आईएमटी के लिए तय जमीन की रजिस्ट्री का काम पूरा होने की बात कही जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान एकजुट होकर पूर्व मंत्री असीम गोयल के निवास स्थान पर पहुंचे। यहां किसानों ने नायब नेतृत्व वाली सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने सभी किसानों का आत्मीय स्वागत किया। उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नायब नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आईएमटी का निर्माण क्षेत्र के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा जिससे न केवल बड़े उद्योग इलाके में स्थापित होंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र हों या फिर ग्रामीण आँचल हर तरफ विकास की बयार बह रही है। किसानों ने बातचीत के दौरान कहा कि पहले जहां भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को लेकर कई तरह की आशंकाएं और असंतोष देखने को मिलता था वहीं अब ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सरल और किसान हितैषी बनी है। इससे उन्हें उनकी जमीन का सही मूल्य मिला और किसी प्रकार की अनिश्चितता भी नहीं रही। पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि भाजपा सरकार की दूरदर्शी सोच और मजबूत नीतियों के चलते हर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अंबाला शहर को एक महत्वपूर्ण औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा में आईएमटी परियोजना एक बड़ा कदम है जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और व्यापार एवं उद्योग को नई गति मिलेगी।

**किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी सरकार**

असीम गोयल ने यह भी कहा कि सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए हर निर्णय ले रही है। ई-भूमि पोर्टल जैसी पहल इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार पारदर्शिता और सुशासन के माध्यम से आमजन का विश्वास जीतने में सफल रही है। किसानों ने एक स्वर में सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सरकार इसी प्रकार कार्य करती रहेगी और क्षेत्र को विकास के नए आयाम प्रदान करेगी। इस मौके पर लैंड एग्रीगेटर परमजीत भड़ी,कुलवंत सिंह सरपंच नाडियाली,नडियाली के पूर्व सरपंच मंजीत सिंह,जगतार सिंह,रघुबीर सिंह नडियाली,स्वर्णजीत सिंह,बलजीत सिंह सरपंच भड़ी,राजिंदर,दलबीर,देवेंद्र सांगवान,सुरेश कुमार,हरपाल,सतपाल,मामचंद,गोल्डी नग्गल,संदीप,संजीव गोयल, अनिल गुप्ता,चंद्रमोहन फौजी व गणमान्य मौजूद रहे।



उपभोक्ता को सिलेंडर की आपूर्ति देते एजेंसी कर्मचारी।

## तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य

# उपभोक्ताओं को 8766 गैस सिलेंडर वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि जिले में पेट्रोल_डीजल के साथ घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसलिए आमजन को घबराने व अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि बीते कल 14 किलो के 8766 घरेलू सिलेंडर उपभोक्ताओं को डिलीवर किए गए हैं। इसके साथ-साथ 132 कमर्शियल सिलेंडर भी वितरित किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 0171-2982868 जारी है जिस पर एलपीजी उपभोक्ता अपनी एलपीजी की शिकायत दर्ज करवा सकता हैं। जांच टीम द्वारा बीते कल 6 सिलेंडर जब्त करने का काम किया गया है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही समयबद्ध तरीके से गैस की बुकिंग करें। अनावश्यक भंडारण से बचें। प्रतिदिन एजेंसियों से भी गैस की उपलब्धता को लेकर रिपोर्ट भी ली जा रही है। डीएफएससी ने यह भी बताया कि हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए मुख्यालय द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना के तहत सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारियों को नोडल अधिकारी लगाए गए हैं।

# ट्रैक्टर की फ्रंट नंबर प्लेट के बिना अनाज मंडी में नहीं होगी एंट्री

- मौके पर खामियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रबी के सीजन में गेहूं की खरीद को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि अब नियमों में किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने दो टूक शब्दों में कहा कि फसल लेकर आने वाले हर वाहन पर फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य होगी, अन्यथा उसे मंडी में एंट्री नहीं मिलेगी। मार्केट कमेटी कार्यालय मुलाना में अधिकारियों और खरीद एजेंसियों की बैठक के दौरान एसडीएम ने व्यवस्था में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों को परेशान करने या खरीद प्रक्रिया में देरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय है। बैठक के बाद एसडीएम ने अनाज मंडी का औचक निरीक्षण कर गेट पास सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और साफ-सफाई व्यवस्था की गहन जांच की। मौके पर खामियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खरीद सीजन में कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति छुट्टी पर नहीं रहेगा। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएं, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# अंबाला छावनी में स्थापित होगी डा. भीमराव आंबेड़कर की भव्य प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- मंत्री अनिल विज ने जारी की 50 लाख की राशि



ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बीआर अंबेड़कर की प्रतिमा अंबाला छावनी में 12 क्रास रोड पर स्थापित की जाएगी। प्रतिमा स्थापित करने के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि जारी कर दी है। विज ने कहा कि प्रतिमा स्थापित करने के लिए 50 लाख रुपए की राशि नगर परिषद अंबाला सदर को जारी की गई है। जल्द ही अब डॉ. बीआर अंबेड़कर की प्रतिमा को 12 क्रास रोड पर स्थापित होगी। गौरतलब है कि डॉ. भीमराव अंबेड़कर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार, समाज सुधारक, प्रखर अर्थशास्त्री और दलितों के मसीहा थे। उन्होंने जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया, 'शिक्षित, संगठित और संघर्ष करो' का नारा दिया और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने। उनके प्रमुख योगदानों में सामाजिक समानता, मानवाधिकार, और शिक्षा का प्रसार शामिल है। डॉ. अंबेड़कर ने उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव को समाप्त करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डिग्री प्राप्त की। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन के लिए हिंसक तरीकों की जगह संवैधानिक, लोकतांत्रिक और कानूनी तरीकों पर जोर दिया।

# फूड फेस्टिवल में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने की दी जानकारी

- सीआईएचएम के प्रिंसिपल विशाल कालिया ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

सेक्टर-17 स्थित एयरोफ्लाई इंस्टीट्यूट में आज एक विशेष फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बेहतर सेवा देने के तरीकों से अवगत कराना था। फूड फेस्टिवल के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया कि मेहमानों को किस प्रकार प्रोफेशनल तरीके से सर्व किया जाता है। कार्यक्रम में लगभग 25 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कुकिंग व प्रेजेंटेशन स्किल्स का प्रदर्शन किया। संस्थान के संचालक राहुल सलारिया ने बताया कि एयरोफ्लाई इंस्टीट्यूट में हॉस्पिटैलिटी के साथ-साथ एयर होस्टेस, ट्रैवल और रिटेल सेक्टर से संबंधित प्रोफेशनल ट्रेनिंग भी प्रदान की जाती है, जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के लिए तैयार किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विशाल कालिया, प्रिंसिपल, चण्डीगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (सीआईएचएमसीटी), उपस्थित रहे।

### 23 लाख की ठगी के आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** ठगों द्वारा चीका क्षेत्र के एक बुजुर्ग से विदेश से रिश्तेदार बनकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले की जांच साइबर क्राइम थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई प्रदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद आरिज निवासी हत्थ हकीम मोहल्ला, शाहाबाद जिला हरदोई यूपी तथा सुनील निवासी गांव उधमपुर जिला हरदोई यूपी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका के वार्ड नं. 16 निवासी संतोख की शिकायत अनुसार उसके दो बेटे 15 साल से इटली गए हुए है तथा उसके साले गांव कसौर निवासी बहादुर के भी दो बेटे बलराज व मनजीत भी इटली गए हुए है।

# अमेरिका में वर्क परमिट का दिया लालच, दो एजेंटों पर केस

- 20 दिन में यूरोप के रास्ते वर्क परमिट पर अमेरिका भेजने का युवक को दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

वर्क परमिट पर अमेरिका भेजने का झांसा देकर डेरा बस्सी के बरौली गांव के प्रविंद्र सिंह से 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित का आरोप है कि दुबई व मैक्सिको के जंगलों में बंधक बनाकर मौत का डर दिखाया गया।

महेश नगर थाना पुलिस ने प्रविंद्र सिंह की शिकायत पर अशोक कुमार उर्फ बिंदर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रविंद्र सिंह ने बताया कि वह अमेरिका जाना चाहता था। जनवरी 2024 में उनके मामा के जरिये उनकी मुलाकात बकनौर गांव के एजेंट अशोक कुमार व मनदीप सिंह से हुई। आरोपियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह 20 दिन में यूरोप के रास्ते वर्क परमिट पर अमेरिका पहुंचा देंगे। इसके लिए 45 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। 24 जनवरी 2024 को उसे दुबई भेजा गया। यहां उसे करीब 5 महीने तक बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान आरोपियों ने उनके पिता को गुमराह कर पुश्तैनी जमीन गिरवी रखवाकर लाखों रुपये वसूले। जून 2024 में उसे चीन व वहां से मैक्सिको के जंगलों में भेज दिया गया। वहां यातनाएं दी गईं व जान से मारने के लिए धमकाया। अब पुलिस युवक के आरोपों की जांच कर रही है।

# अयोध्या धाम जा रही स्पेशल ट्रेन में श्रद्धालुओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। ट्रेन में श्रद्धालुओं की सेहत की जांच करती चिकित्सक।

अयोध्या धाम की यात्रा पर गई विशेष ट्रेन में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा गया। यात्रा के दौरान डॉक्टर अनिका अग्रवाल, डॉक्टर पीयूष चहल, साहिल फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स प्रियंका की टीम ने ट्रेन में सफर कर रहे श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। डॉ. अनिका ने बताया कि यात्रा के दौरान कई श्रद्धालुओं ने सर्दी, खांसी, जुकाम, दस्त, उल्टी और बुखार जैसी सामान्य बीमारियों की शिकायत की हैं।टीम ने मौके पर ही उनका प्राथमिक उपचार किया और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाईं, जिससे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली। श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लंबी यात्रा के दौरान इस तरह की चिकित्सा सुविधा मिलने से उन्हें सुरक्षित और निश्चिंत होकर यात्रा करने में मदद मिली। स्वास्थ्य टीम ने यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने, मौसम के अनुसार सावधानी बरतने और नियमित रूप से पानी पीने की सलाह भी दी।

# अधोया में युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी पर केस दर्ज

- लोहे की वस्तु से चेहरे पर कई वार करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव अधोया में एक युवक पर देर रात जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधोया के लवजीत सिंह (27) स्थित एक डीजे की दुकान पर काम करता है। 29 मार्च की रात करीब 12 से 12:30 बजे के बीच वह रोजाना की तरह काम खत्म कर घर जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला अनिल कुमार अचानक दुकान पर आया और बिना किसी वजह के उस पर हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने लोहे जैसी किसी वस्तु से उसके चेहरे पर कई वार किए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय रात होने के कारण मौके पर कोई मदद के लिए नहीं पहुंच सका। आरोपी जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी भी देकर फरार हो गया। घायल युवक ने तुरंत अपने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उसे इलाज के लिए एमएमयू अस्पताल मुलाना में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और डॉक्टर से अनुमति मिलने के बाद पीड़ित का बयान दर्ज किया। जांच में मामला सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ के मामला दर्ज कर लिया गया है।

# देशी पिस्तौल व कारतूस उपलब्ध करवाने वाला आरोपित गिरफ्तार

**कोर्ट के आदेश पर आरोपी 6 दिन के पुलिस रिमांड पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



अवैध देशी पिस्तौल व 4 कारतूस बरामदगी मामले में पुलिस ने गांव पाई निवासी विजय को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 मार्च को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एचसी हरीश कुमार की टीम गश्त द्वारा आरोपी गांव पाई निवासी नरेश उर्फ फिकर को गांव बाता से बालू रोड पर रजबाहा पुलिया के पास से एक देशी पिस्तौल (315 बोर) तथा 4 जिंदा कारतूस सहित काबू किया गया था। थाना कलायत में दर्ज मामले की आगामी जांच एचसी देवेंद्र द्वारा की गई। आरोपी नरेश से पूछताछ दौरान खुलासा हुआ था कि उसे यह असला अमुनेशन विजय द्वारा उपलब्ध करवाया गया था। आरोपी किसी अन्य मामले में करनाल जेल में बंद था, जिसकी उक्त मामले में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का न्यायालय से 6 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## जैन स्थानक में संत रत्न सेवा शिरोमणि आलोक मुनि ने दिया प्रवचन

# भगवान महावीर के दिखाए मार्ग पर चलने का लें संकल्प

श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए एकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



मुलाना। श्रद्धालुओं को संबोधित करते जैन मुनि। फोटो : हरिभूमि

जैन स्थानक में संत रत्न सेवा शिरोमणि आलोक मुनि एवं श्रमण गौरव वाणी भूषण अमन मुनि के सानिध्य में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से मनाई गई। मंगलवार सुबह इस पावन अवसर पर एसएस जैन सभा के तत्वाधान में एक घंटे तक सामुहिक महा मनोकार मंत्र का जाप किया गया । इसमें जैन समाज के लोगों ने बढचढ़ कर हिस्सा लिया । मौके पर धर्मसभा का भी आयोजन किया गया । जिसमें संत अमन मुनि जी ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महावीर कहते हैं जो धर्मात्मा है जिसके मन में सदा धर्म रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं।

**धर्म, सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य का पाठ पढ़ाया**

भगवान महावीर ने अपने प्रवचनों में धर्म, सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह, क्षमा पर सबसे अधिक जोर दिया। त्याग और संयम, प्रेम और करुणा, शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। सभी जन को उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलकर अपने जीवन का कल्याण करना चाहिए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए एकता का संदेश दिया। मौके पर प्रधान अशोक जैन , प्रवक्ता श्रीपाल जैन, उमेश जैन. राममूर्ति जैन,राम कुमार जैन, प्रवीन अग्रवाल, रिषभ जैन, शंटी जैन, सुमित गोयल, केवल कृष्ण, जगमोहन जैन, नीटू जैन, बनारसी दास, विपिन जैन, पंकज गोयल, विवान जैन, पर्व जैन, सहित काफी संख्या में महिला श्रद्धालु मौजूद रही।